पेंशन प्रशासन रक्षा प्रणाली (SPARSH)

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में रक्षा मंत्रालय के **रक्षा लेखा विभाग (Defence Accounts Department- DAD)** ने कई बैंकों के साथ **स्पर्श (System for Pension Administration Raksha- SPARSH) सेवा केंद्रों** के रूप में शामिल करने के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

- इससे पेंशनभोगियों को, **विशेषकर दूरदराज़ के क्षेत्रों में,** संपूर्ण रूप से कनेक्टिविटी मिलेगी।
- इन केंद्रों के माध्यम से **रक्षा पेंशनभोगी अपना प्रोफाइल अपडेट कर सकते हैं, शिकायत दर्ज़ कर सकते हैं, डिजिटल वार्षिक पहचान, डेटा सत्यापन और अपनी मासिक पेंशन से संबंधित विस्तृत जानकारी** प्राप्त कर सकते हैं।
- **पेंशन प्रशासन रक्षा प्रणाली (SPARSH):**
    - यह रक्षा पेंशन की मंज़ूरी और संवितरण के स्वचालन के लिये एक **एकीकृत वेब-आधारित प्रणाली** है।
    - यह वेब-आधारित प्रणाली पेंशन दावों का प्रसंस्करण करती है तथा **किसी बाह्य मध्यस्थ पर निर्भर हुए बिना पेंशन को सीधे रक्षा पेंशनभोगियों के बैंक खातों में** अंतरित कर देती है।
    - **यह दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता पर केंद्रित है।**

अधिक पढ़ें: [स्पर्श: पेंशन प्रशासन रक्षा प्रणाली](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/system-for-pension-administration-raksha-sparsh-